आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 03.08.2025 समय : 07.10चउ

मुख्य समाचार :–

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदेश के लिए तीन एक्सप्रेस ट्रेनों की दी सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- इनसे मध्यप्रदेश के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल।
- 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में आएगी रक्षाबंधन के 250 रुपये की अतिरिक्त किश्त।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में बाढ़ प्रभावित परिवारों से की मुलाकात, फसलों के नुकसान की भरपाई का दिलाया भरोसा।
- कल सावन का अंतिम सोमवार, उज्जैन में भगवान महाकाल की निकलेगी राजसी सवारी, झांकियों में दिखेगी पर्यटन स्थलों की झलक।

अश्विनी रेलगाडियां

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज भावनगर रेलवे स्टेशन से भावनगर-अयोध्या छावनी साप्ताहिक रेलगाडी को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर के लिए दो अन्य रेलगाडियों को भी वर्चुअल रूप से झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई गईं जो कि भारतीय रेलवे में हो रहे व्यापक बदलाव का प्रमाण है। भावनगर रेलवे स्टेशन पर रेल मंत्री ने कहा कि देश में एक हजार तीन सौ रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास विश्व की सबसे बडी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना है। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने लोगों से ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर गंदगी न फैलाने की अपील की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भावनगर से अयोध्या नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत अत्यंत सुखद है। इससे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ संबंध का स्मरण भी हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज रेल कनेक्टिविटी के मामले में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सीधे जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई ट्रेनों के शुभारंभ से यात्रियों के साथ व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री रक्षाबंधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाओं किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री आज में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि आगामी 07 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जायेगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। उन्होंने कहा कि यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कंपनी में वर्तमान में 1500 बहनों को रोजगार मिल रहा है। आने वाले समय में 4 हजार बहनों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार कंपनी को नवीन जगह दे रही है, जहां बहनों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध होंगी।

प्रधानमंत्री-कांडला बंदरगाह

दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण ने कांडला बंदरगाह क्षेत्र में भारत का पहला मेक-इन-इंडिया हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया है। बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेट-ज़ीरो विज़न की दिशा में एक सशक्त कदम है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, कहा कि यह एक सराहनीय प्रयास है, जो संधारणीयता को बढ़ावा देता है और नेट-ज़ीरो विज़न को सशक्त बनाता है।

शिवराज- बाढ़ दौरा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरान किया और पीड़ित परिवारों से बातचीत की।

सिलवानी तहसील के बम्होरी में बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात कर श्री चौहान ने कहा कि हम फसलों के नुकसान का सर्वेक्षण करेंगे और राहत राशि जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की संपत्ति का नुकसान हुआ है, उन्हें भी मुआवजा दिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने मूंग उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपज बेचने आए किसानों से संवाद कर जानकारी ली। साथ केंद्र प्रभारी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूंग उपार्जन कार्य

पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मांपदंडों के अनुरूप की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीएम छात्र सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में पत्रकारों के 50 से ज्यादा मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि उज्जैन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली रही है। यहां अध्ययन का अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में पहली बार पत्रकारों के मेधावी बच्चों के सम्मान के कार्यक्रम में उपस्थित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मेधावी बच्चों से खूब पढ़ने और उज्जैन के साथ ही मध्यप्रदेश और देश का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र कुल्मी ने संबोधित करते हुए इस अवसर को पत्रकारों और उनके परिवार को संबल बताया।

सावन सोमवार

कल सावन महीने का अंतिम सोमवार है, इस अवसर पर उज्जैन के महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचेंगे। बाबा महाकाल की कल धूमधाम से राजसी सवारी निकलेगी। सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान महाकाल नंदी रथ पर उमा-महेश स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। यहां प्रदेश के 4 अलग अलग पर्यटक स्थलों की झांकिया इस सवारी में देखी जाएगी। उधर आगरमालवा स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक शिवालय बाबा बैजनाथ की श्रावण माह के अंतिम सोमवार पर परम्परानुसार कल निकाली जाने वाली भव्य शाही सवारी को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही सभी तैयारियां पूरी हो गई है। सवारी में आने वाले हजारों भक्तों के लिये भोजन प्रसादी बनाने का कार्य भी चल रहा है। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में भी भगवान ओंकारेश्वर की शाही सवारी निकाली जाएगी। मंदसौर में भी भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगे।

प्रदेश मौसम

प्रदेश में बारिश से फिलहाल राहत और स्ट्रॉन्ग सिस्टम नहीं होने से तेज बारिश रुकी हुई है। हालांकि इसके बावजूद उत्तरप्रदेश की यमुना का जलस्तर बढ़ने से सतना जिले के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी फिर उफान पर है। यहां रामघाट पर मंदिर के अंदर पानी घुसने लगा है। 100 से ज्यादा दुकानों में जलभराव हो गया है। प्रशासन ने नदी किनारे दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में भारी बारिश हो सकती है।

समाचार संक्षेप में .....

- गुना में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरूद्ध अभियान अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही की जा रही हैं
- कटनी में रीवा पुणे एक्सप्रेस ट्रेन के कटनी पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने ट्रेन की भव्य अगवानी की ट्रेन के लोकोपायलट को फूल माला पहना कर स्वागत किया गयां
- शिवपुरी में आज भारतीय डाक विभाग के कर्मचारियों ने फिट इंडिया पहल के तहत एक साईकिल रैली निकालीं इस साईकिल रैली को शिवपुरी डाक संभाग अधीक्षक एचएस भिलवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां
- नीमच जिले के छात्र–छात्राओं के बौद्धिक विकास की अभिनव पहल की गई हैं इसके तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गईइस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 170 से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लियां
- शिवपुरी में अग्निवीर सेना भर्ती रैली 4 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगीं कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया में 10114 अभ्यर्थी भाग लेंगें भर्ती स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं

———————